# आये कावड़िया | By Riyaz Hindustani

भोले बाबा के द्वारे आये कावड़िया
मेरे शिव के द्वारे आये कावड़िया
डमरू वाले के द्वारे .......

आये शिव को मनाने
भोले बाबा को रिझाने
गंगा जल से नहा के
चले शिव को चढाने
नाम भोला धरा के आये कावड़िया
डमरू वाले के द्वारे आये कावड़िया
मेरे शिव के द्वारे आये कावड़िया
डमरू वाले के द्वारे .......

भोले लगते हैं प्यारे
सारे जग से न्यारे
जो भी कावड़ लाता
उसके करे वारे न्यारे
माथे तिलक लगा के आये कावड़िया
डमरू वाले के द्वारे आये कावड़िया
मेरे शिव के द्वारे आये कावड़िया
डमरू वाले के द्वारे .......

बेलपत्री चढ़ाऊँ
शिव को भस्म लगाके
शिव नाम की ज्योति
अपने मन में जगा के
शिव से लगन लगा के आये कावड़िया
डमरू वाले के द्वारे आये कावड़िया
मेरे शिव के द्वारे आये कावड़िया
डमरू वाले के द्वारे .......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-riyaz-hindustani/